प्रेस नोट जनपद मुरादाबाद

श्री सतपाल अंतिल, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक, मुरादाबाद के निर्देशन में अपराध व अपराधियों पर अंकुश एवं प्रभावी नियन्त्रण बनाये रखने हेतु आज दिनांक 03.10.2024 को जनपद मुरादाबाद से निम्न कार्यवाही की गयीः-

1. नाबालिग लड़की को बहला-फुसलाकर भगा ले जाने तथा दुष्कर्म करने के बाल अपचारी को थाना कांठ पुलिस ने हिरासत में लेकर मा0 न्या0 के समक्ष किया पेश।

अवगत कराना है दिनांक 01.10.2024 को वादी निवासी थाना कांठ क्षेत्रांतर्गत ने अभियुक्त द्वारा वादी की पुत्री को बहला-फुसलाकर भगा ले जाने के संबंध मे थाना कांठ पर तहरीर दी, तहरीर के आधार पर थाना कांठ पर मु0अ0सं0- 389/2024 धारा- 389/2024 धारा 137(2),64(1) बीएनएस पंजीकृत किया गया। उक्त संबंध में विवेचनात्मक कार्यवाही के क्रम में लड़की को सकुशल बरामद करते हुये नियमानुसार परिजनों के सुपुर्द किया गया तथा साक्ष्यों/बयानो के आधार पर मुकदमा उपरोक्त में धारा-3(2)V(क) एससी एसटी एक्ट का विलोप कर, धारा 64(1) बीएनएस व धारा- 5/6 पोक्सो एक्ट व धारा- 3(2)(V) एससी एसटी एक्ट की बढोत्तरी की वृद्धि की गयी तथा आज दिनांक 03-10-2024 को व0उ0नि0 श्री सुभाषचन्द धनकड थाना कांठ द्वारा मय हमराही पुलिसबल के बाल अपचारी को हिरासत में लेकर मा0 किशोर न्यायालय के समक्ष पेश कर आदेशानुसार जिला संप्रेक्षण गृह भेजा गया।

2.अवैध तमंचा व कारतूस के साथ एक आरोपी गिरफ्तार,थाना मैनाठेरः-

अवगत कराना है दिनांक 02.10.2024 की रात्रि को उ0नि0 श्री अमित कुमार थाना मैनाठेर द्वारा मय हमराही पुलिसबल से आरोपी शाहनवाज पुत्र शमीम अन्सारी निवासी तखतपुर अल्ला उर्फ नानकार थाना मैनाठेर,मुरादाबाद को एक अवैध तमंचा12 बोर व एक जिन्दा कारतूस 12 बोर सहित गिरफ्तार किया गया। इस संबंध में थाना मैनाठेर पर मु0अ0सं0- 354/24 धारा-3/25 आर्म्स एक्ट पंजीकृत किया गया।

3.जनपदीय पुलिस द्वारा 03 वारंटियों तथा शांति व्यवस्था भंग करने के 07 आरोपीगण को गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय के समक्ष पेश किया गया।

अवगत कराना है कि वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक,मुरादाबाद के निर्देशानुसार अपराध नियंत्रण, कानून एवं शान्ति व्यवस्था को सुदृढ़ बनाये रखने हेतु वांछित/वारंटियों तथा शांति व्यवस्था भंग करने वालों के विरूद्ध चलाये जा रहे गिरफ्तारी अभियान के अन्तर्गत आज दिनांक 03.10.2024 को **थाना भगतपुर** पुलिस द्वारा 03 वारंटियों को गिरफ्तार किया गया तथा थाना पाकबड़ा पुलिस द्वारा शान्ति भंग कर रहे 03 आरोपीगण व थाना मैनाठेर पुलिस द्वारा 04 आरोपीगण को संज्ञेय अपराध कारित करने से रोकने एवं परिशान्ति कायम रखने हेतु अन्तर्गत धारा-170/126/135 भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता 2023 में चालान कर माननीय न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया गया।

विवरण अभियुक्तगणः-

1. दीपक पुत्र कृपाल सिंह
2. मुकेश उर्फ डे पुत्र कृपाल सिंह
3 जीवन पुत्र कृपाल सिंह नि0गण ग्राम भदगवां थाना भगतपुर जनपद मुरादाबाद
4.फरीद पुत्र रईस अहमद,
5.अफजल पुत्र सफदर निवासीगण पायती कला थाना डिडोली, अमरोहा,
6.मौ0 आलम पुत्र लईक निवासी आजाद नगर कस्बा व थाना पाकबड़ा मुरादाबाद
7. मौ0 रफी पुत्र शरीफ निवासी मूसापुर थाना कै/लादेवी जिला सम्भल हाल पुराना टोल सरादार जी के ढाबे के पास थाना मैनाठेर मुरादाबाद।
8. वारिस पुत्र शरीफ निवासी मूसापुर थाना कैलादेवी जिला सम्भल हाल पुराना टोल सरादार जी के ढाबे के पास थाना मैनाठेर मुरादाबाद।
9. मौ0 रिजवान पुत्र शरीफ निवासी मूसापुर थाना कैलादेवी जिला सम्भल हाल पुराना टोल सरादार जी के ढाबे के पास थाना मैनाठेर मुरादाबाद।
10. मौ0 अली पुत्र शरीफ निवासी मूसापुर थाना कैलादेवी जिला सम्भल हाल पुराना टोल सरादार जी के ढाबे के पास थाना मैनाठेर ,मुरादाबाद।